कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)

पत्रांकः उ0वि0शि0प0 / वि0प0 / रा0सु0रा0आ0आ0वि0 प्र0प0 2024 / 19-24 / 2024– 25 दिनांक 07 मई 2024

राजकीय सुरेन्द्र राकेश आदर्श आवासीय विद्यालय मक्खनपुर भगवानपुर (हरिद्वार) प्रवेश परीक्षा (कक्षा–06) 2024

इस कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति सं0 73–79 दिनांक 09 फरवरी 2024 के क्रम में रा0सु0रा0आ0आ0वि0 मक्खनपुर भगवानपुर (हरिद्वार) में सत्र 2024–25 में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले उत्तराखण्ड राज्य के अनुसूचित जाति के छात्र/छात्राओं को अवगत कराना है कि उनके प्रवेश पत्र डाक से उनके आवेदन पत्र में अंकित पते पर प्रेषित किये जा चुके है। प्रवेश परीक्षा दिनांक 15 मई 2024 (बुधवार) को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12:00 बजे तक सम्पन्न करायी जानी प्रस्तावित है। आवेदन पत्र में अंकित सूचना के आधार पर आवेदकों को औपबन्धिक रूप से परीक्षा में सम्मिलित किया जा रहा है, प्रवेश परीक्षा में सफल होने पर अभ्यर्थन की जांच प्रवेश के समय सम्बन्धित विद्यालय के प्राचार्य द्वारा की जाएगी एवं तदनुसार अभ्यर्थन सही पाये जाने पर ही प्रवेश की कार्यवाही की जाएगी। अन्यथा चयन स्वतः निरस्त माना जाएगा। जिन छात्र/छात्राओं के प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं हुए है वे उन्हें आवंटित परीक्षा केन्द्र से दिनांक 15 मई 2024 को प्रातः 09:00 बजे तक अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते है। इस हेतु अपने साथ अपना एक पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ भी साथ ले जायें। आवेदकों को आंवटित परीक्षा केन्द्रों की सूची परिषद की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in में DEPARTMENTAL EXAM के कार्नर वाले आईकॉन पर उपलब्ध है। परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा के दौरान कोरोना वायरस (COVID-19) के संक्रमण के बचाव/रोकथाम सम्बन्धी आदेशो/निर्देशो का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। आवेदकों के अभ्यास/सुविधा हेतु OMR उत्तर पत्रक का नमूना भी उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है।

निर्धारित अर्हता (यथा आयु कम अथवा अधिक होने आदि) पूर्ण न करने के कारण जिन छात्र/छात्राओं के आवेदन पत्र निरस्त किये गये है उनकी सूची भी उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है।

(वी0पी0 सिमल्टी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)

पंत्राक : उ0वि0शि0प0 / वि0प0 / रा0सु0रा0आ0आ0वि0 प्र0प0 2024 / 19-24 / 2024– 25 दिनांक उक्तवत्।

प्रतिलिपि – निम्न की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1– निदेशक माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून/सभापति उ0वि0शि0प0 रामनगर (नैनीताल)।
2– निदेशक समाज कल्याण उत्तराखण्ड हल्द्वानी।
3– मुख्य शिक्षा अधिकारी समस्त जनपद उत्तराखण्ड।
4– प्राचार्य रा0सु0रा0 आ0 आ0 वि0 मक्खनपुर, भगवानपुर, हरिद्वार।
5– सम्पादक दैनिक अमर उजाला, दैनिक जागरण, दैनिक हिन्दुस्तान को इस आशय से प्रेषित कि अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र के उस पृष्ठ पर 8x8 वर्ग से0मी0 न्यूनतम शासकीय दरो पर प्रकाशित करें जिसका प्रचार–प्रसार पूरे राज्य में हो। विज्ञप्ति प्रकाशन के पश्चात समाचार–पत्र की प्रति के साथ बिल दो प्रतियों में जिला सूचना अधिकारी से सत्यापित कराने के बाद भुगतान हेतु इस कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे।

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)